# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

**माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा–2025 की उत्तर–पुस्तिकाओं की संवीक्षा एवं उत्तर–पुस्तिकाओं की स्कैन प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु व माध्यमिक परीक्षा के गणित विषय में पुनः जांच (Re-Examination) के सम्बन्ध में परीक्षार्थियों के सूचनार्थ**

क्रमांकः गोप./मा./2025/**SPL-3** दिनांकः 22.05.25

माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा–2025 में प्रविष्ठ हुए सभी परीक्षार्थी, परीक्षा परिणाम घोषणा तिथि से 07 दिवस में एवं उसके पश्चात् आगामी 03 दिवस में विलम्ब शुल्क से उत्तर पुस्तिका की संवीक्षा कराने एवं संवीक्षा उपरान्त स्कैन प्रति प्राप्त करने हेतु बोर्ड वेबसाईट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर **SCRUTINY-2025** लिंक पर नियत तिथि तक (स्वप्रमाणित आई.डी. अपलोड कर) ई– मित्र अथवा अभ्यर्थी स्वंय के स्तर से बोर्ड वेबसाईट पर सीधे ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। सीधे आवेदन करने पर शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड से तथा ई–मित्र से आवेदन करने पर शुल्क (सेवा शुल्क सहित) ई–मित्र पर जमा कराना होगा। विस्तृत जानकारी बोर्ड वेबसाईट से ली जा सकती है।

**राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1957 के तहत बने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा विनियम 1957 के अध्याय 16 नियम (13) (5) के प्रावधान अनुसार संवीक्षा में उत्तर–पुस्तिकाओं के पुनःजांच (Re-examination) करना समाविष्ट नहीं है।** संवीक्षा के अंतर्गत उत्तर पुस्तिका में प्रदत्त अंकों के योग में भिन्नता, अन्दर–बाहर (केजिंग) में भिन्नता, योग में त्रुटि, किसी प्रश्न में अंक नहीं दिये गये हों, उत्तर पुस्तिका/अंकतालिका में प्रदत्त अंकों में भिन्नता आदि त्रुटियों का निवारण करने की दृष्टि से की जाती है। परन्तु उक्त विनियम में संशोधन कर वर्ष–2025 की माध्यमिक परीक्षा के गणित विषय में पुनःजांच **(Re-examination)** कराने का प्रावधान किया गया है।

अन्तिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदनों को कमबद्ध/पंजीकरण कर SMS द्वारा परीक्षार्थी के प्रार्थना–पत्र में अंकित मोबाईल नं. पर पंजीकरण संख्या एवं आवेदित विषयों की सूचना अन्तिम दिनांक के पश्चात् दी जावेगी। संवीक्षा की नियत प्रकिया पूर्ण कर प्रतिदिन निस्तारित प्रकरणों का परिणाम/आवेदित विषय की उत्तर–पुस्तिका वेबसाईट पर दिये लिंक पर अपलोड कर आवेदित मोबाईल नं. पर SMS द्वारा **'Password'** उपलब्ध करवाया जावेगा। **परीक्षार्थी अपनी उत्तर–पुस्तिका ऑनलाईन देखकर डाउनलोड/प्रिन्ट कर सकेगें। ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी अपना स्वयं का सही मोबाईल नम्बर व ई–मेल अंकित करें। मोबाईल नं0 व ई–मेल गलत अंकित करने पर परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार रहेगा। एक मोबाईल नम्बर व ई–मेल को एक बार ही प्रयुक्त किया जा सकेगा। ई–मित्र कियोस्क धारक का मोबाईल नम्बर/ ई–मेल दर्ज करना अनुचित एवं नियम विरुद्ध माना जावेगा।**

सभी विषयों में संवीक्षा परिणाम का संदेश प्राप्त होने की तिथि से निर्धारित 05 दिवस की अवधि में उ0पु0 का अवलोकन कर यदि कोई आपत्ति हो तो निकटतम ई–मित्र द्वारा अथवा सीधे आवेदन–पत्र भरकर/प्रमाण संलग्न कर निर्धारित शुल्क रू. 100/– प्रति विषय के साथ में ऑनलाईन आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

वर्ष–2025 में माध्यमिक परीक्षा के गणित विषय में पुनःजांच (Re-Examination) का प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी गणित विषय में संवीक्षा उपरान्त आपत्ति/पुनःजांच (Re-Examination) करवा सकता है। आपत्ति शुल्क रुपये 100/– प्रति विषय तथा पुनःजांच (Re-Examination) शुल्क रुपये 100/– प्रति प्रश्न रहेगा। **पुनःजांच (Re-Examination) हेतु आवेदन पत्र में प्रश्न संख्या व पृष्ठ संख्या अनिवार्य रुप से अंकित करें।** संवीक्षा परिणाम के SMS/E-mail भेजने की तिथि से 05 दिवस की निर्धारित अवधि में ही आपत्ति/पुनःजांच (Re-Examination) हेतु ऑनलाईन ही आवेदन किये जा सकेगें। ऑफलाईन आवेदन स्वीकार्य नहीं होगें।

<u>नोटः</u>
1. विस्तृत जानकारी, नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन पत्र प्रारूप/प्रक्रिया आदि बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध है।
2. समस्त परीक्षाओं के परिणाम घोषणा दिवस से उक्त निर्धारित समयावधि में आवेदन किया जा सकता है।
3. निर्धारित तिथि के बाद व डाक से प्राप्त आवेदन–पत्र व आपत्ति स्वीकार्य नहीं होंगी।
4. किसी भी प्रकार की जानकारी/आवेदक अपने सवीक्षा की वर्तमान **STATUS** की जानकारी बोर्ड वेबसाईट पर **'SCRUTINY-2025'** लिंक पर प्राप्त की जा सकती है।
5. एक परीक्षार्थी को आवेदन हेतु एक ही अवसर देय होगा। अतः एक बार ही आवेदन में वांछित सभी विषय (सैद्धान्तिक/प्रायोगिक) अंकित करें।
6. संवीक्षा/आपत्ति/ पुनः जांच (Re-Examination) में अंकों में कमी अथवा वृद्धि के उपरान्त परिणाम/अंकों में संशोधन होगा तद्नुसार परिणाम/संशोधित अंक प्रभावी होगे एवं उसी अनुरुप संशोधित अंकतालिका जारी की जायेगी।
7. संवीक्षा उपरान्त आवेदित विषय/विषयों में अंक परिवर्तन होने अथवा नहीं होने की किसी भी स्थिति में संवीक्षा प्रक्रिया शुल्क लौटाया नहीं जायेगा।

सचिव

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

**उच्च माध्यमिक (विज्ञान, वाणिज्य ,कला वर्ग व वरिष्ठ उपाध्याय) परीक्षा 2025 की उत्तर–पुस्तिकाओं की संवीक्षा एवं उत्तर–पुस्तिकाओं की स्कैन फोटो प्रति ऑनलाईन प्राप्त करने हेतु परीक्षार्थियों के सूचनार्थ**

क्रमांकः गोप./संवीक्षा/2025/ SPL-2 दिनांकः 22.05.25

**उच्च माध्यमिक (विज्ञान, वाणिज्य ,कला वर्ग व वरिष्ठ उपाध्याय) परीक्षा 2025** का परिणाम दिनांक 22.05.2025 को घोषित किया गया है। संवीक्षा एवं उत्तर–पुस्तिका की स्कैन फोटो प्रति प्राप्त करने हेतु बिना विलम्ब शुल्क दिनांक 29.05.2025 एवं विलम्ब शुल्क सहित दिनांक 01.06.2025 तक ई–मित्र पर अथवा स्वंय के स्तर पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी, नियम, निर्देश, शर्ते व आवेदन पत्र प्रारुप/प्रक्रिया आदि बोर्ड वेबसाईट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर एवं दिनांक 22.05.2025 को अपलोड की गई विज्ञप्ति में देखे।

सचिव